''टीम वर्क और काम के प्रति समर्पण से ही संसदीय लोकतंत्र की सफलता सुनिश्चित की जा सकती है'' - लोक सभा अध्यक्ष

नई दिल्ली, 26 जून, 2014: आज संसदीय ज्ञानपीठ में लोक सभा सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने लोक सभा सचिवालय और इसके कर्मचारियों के समग्र विकास के महत्व पर बल दिया ताकि सचिवालय का कार्य निर्बाध रुप से चल सके और काम की गुणवत्ता और उच्च मानक कायम रखे जा सकें, जिसके लिए यह सचिवालय जाना जाता है। उन्होंने 16वीं लोक सभा के गठन से सम्बन्धित कार्य के सफलतापूर्वक निष्पादन में सचिवालय की विभिन्न सेवाओं के अधिकारियों और कर्मचारियों के टीम वर्क और प्रयासों की सराहना की । अपने हार्दिक स्वागत के लिए आभार जताते हुए श्रीमती महाजन ने इस बात पर ज़ोर दिया कि केवल टीम वर्क और सभी के कार्य के प्रति समर्पण से ही संसदीय लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा सकता है । सचिवालय के कार्यकरण और इसके कर्मचारियों के कल्याण में उनकी गहन रूचि उस समय सामने आई जब उन्होंने एक ऐसे स्वस्थ वातावरण और समुचित जलपान व्यवस्था की आवश्यकता पर ज़ोर दिया जहां अधिकारी और कर्मचारी मिल सकें।

इससे पूर्व, लोक सभा अध्यक्ष का स्वागत करते हुए महासचिव श्री पी.श्रीधरन ने कहा कि लोक सभा सचिवालय के कर्मचारी सदा ही दुरुह चुनौतियों पर खरे उतरे हैं । अपनी कड़ी मेहनत और कार्य दक्षता से अधिकारियों और कर्मचारियों ने समय की मांग के अनुकूल उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन किया है । उन्होंने आशा व्यक्त की कि वे उसी निष्ठा और प्रतिबद्धता से इस महान संस्था की सेवा करते रहेंगे जैसाकि अब तक करते आए हैं ।